ज्ञाप क्र.–3323067/छ.ग./2016/

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग

छत्तीसगढ़, रायपुर

दिनांक /06/2017

प्रति,

संचालक,
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

**विषय :–** जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर नियुक्ति हेतु काउंसलिंग के संबंध में विज्ञप्ति जारी करने बाबत्।

----000----

विषयांतर्गत, लेख है कि जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर द्वारा परीक्षा आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 02/05/2017 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम के अनुसार मेरिट आधार पर अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच किये जाने हेतु दिनांक 24/07/2017 से 26/07/2017 तक काउंसलिंग की जाना है। इस संबंध में पूर्व में इस कार्यालय के पत्र क्र. 3323067/छ.ग./2016/9692 दिनांक 19.06.2017 द्वारा विस्तृत विज्ञापन प्रारूप एवं बायोडेटा फार्मेट, समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु आपको प्रेषित किया गया है। इसी तारतम्य में उपरोक्त काउंसलिंग कार्यक्रम की सूचना सामाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न है।

कृपया छत्तीसगढ़ राज्य के सभी प्रमुख समाचार पत्रों में, संलग्न प्रेस विज्ञप्ति को तत्काल प्रकाशित कर इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

**सहपत्र :–** विज्ञप्ति प्रारूप (10 सेट)।

**प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

**पृ.क्र. 3323067/छ.ग./2016/** 9986 **दिनांक** 24 **/06/2017**

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त कलेक्टर छ.ग., कलेक्टर .......................... जिला (छ.ग.) को सूचनार्थ।
4. समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ ..........................................................................
5. समस्त अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ ....................................................................
6. समस्त कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ .................................................................
7. नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर की ओर सूचनार्थ। कृपया काउंसलिंग हेतु उपरोक्त तिथि में रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर में आवश्यक व्यवस्था करें।
8. कार्यपालन अभियंता, एम.आई.एस. कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छ.ग. रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने की व्यवस्था करें।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर

computer/c/pallavi/gupta sir/msoffice...

673

# प्रेस विज्ञप्ति

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर
नियुक्ति हेतु काउंसलिंग

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अभियाना अमीन पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर द्वारा दिनांक 05/03/2017 को परीक्षा आयोजित की जाकर परीक्षा परिणाम दिनांक 02/05/2017 को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् विज्ञप्ति में दी गई कंडिकाओं के अनुरूप मेरिट आधार पर परीक्षा उत्तीर्ण किये गये अभ्यार्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन किये जाने हेतु दिनांक 24.07.2017, 25.07.2017 एवं 26.07.2017 को सुबह 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक रायपुर ट्रेनिंग सेंटर, ओ.सी.एम. चौक, रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। इसकी सूचना संबंधित अभ्यार्थीयों को उनके ई–मेल पर दी गई है। काउंसलिंग के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर उपलब्ध है।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग
छत्तीसगढ़, रायपुर